मंगलवार
24 मार्च, 2026

# अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
- सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
- स्मार्ट क्लास
- सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
- कंप्यूटर क्लास

वर्ष 2, अंक 50 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## करायपरसुराय की साजिया अंसारी ने इंटर कला संकाय में बिहार में तीसरा स्थान पाया



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के परिणाम में नालंदा जिले की बेटी ने शानदार उपलब्धि हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। करायपरसुराय प्रखंड की साजिया अंसारी ने कला संकाय में पूरे बिहार में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्हें कुल 477 अंक मिले हैं, जो 95.40 प्रतिशत अंक के बराबर है।

साजिया अंसारी प्लस टू विद्यालय करायपरसुराय की छात्रा हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने कठिन परिश्रम और लगन से पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे प्रखंड में खुशी और गर्व का माहौल है।

साजिया के पिता कर्नाटक में सिलाई कारीगर के रूप में काम करते हैं, जबकि उनकी माता शहनाज बानो गृहिणी हैं। आर्थिक रूप से सामान्य परिवार से आने के बावजूद साजिया ने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया। नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से उन्होंने यह सफलता प्राप्त की है।

साजिया ने बताया कि उनकी शुरुआती पढ़ाई गांव के मध्य विद्यालय डियावां से हुई। पढ़ाई के प्रति रुचि बचपन से ही रही है। भविष्य में वह शिक्षक बनकर समाज के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना चाहती हैं।

साजिया की इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। लोगों का कहना है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र की बेटी ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प से बड़ी से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है।

गौरतलब है कि इस वर्ष नालंदा जिले से कुल 44 हजार 352 परीक्षार्थी इंटर परीक्षा में शामिल हुए थे। जिले में परीक्षा के लिए कुल 40 केंद्र बनाए गए थे, जहां शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संपन्न कराई गई।

## पर्व त्योहारों पर विधि व्यवस्था सुदृढ़ रखने का डीएम ने दिया निर्देश




अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी तथा गैर तकनीकी पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी पर्व-त्योहारों को लेकर प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले में होने वाले चिरागा मेला, रामनवमी, चैती छठ पूजा और महावीर जयंती के अवसर पर विधि व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था तथा भीड़ नियंत्रण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहकर जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। अनुपस्थित पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" के तहत आम लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को सभी सरकारी कार्यालयों में संबंधित पदाधिकारी आम लोगों से मिलकर उनकी शिकायतें सुनेंगे और त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे।

इसके अलावा एग्री स्टैक परियोजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री, भूमि विवाद, म्यूटेशन, परिमार्जन प्लस तथा ई-मापी के मामलों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, राशन कार्ड निर्माण, नल-जल योजना की शिकायतों तथा स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को भी कहा गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे, जबकि प्रखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

## खरना पर मोरा तालाब, बड़गांव और औंगारी धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। लोक आस्था के महान पर्व छठ के दूसरे दिन खरना पूजा को लेकर नालंदा जिले के विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रहुई प्रखंड के प्रसिद्ध मोरा तालाब सहित बड़गांव और औंगारी धाम में लाखों की संख्या में व्रती और श्रद्धालु जुटे। पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला।

खरना के अवसर पर व्रतियों ने पूरे दिन उपवास रखने के बाद शाम को भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना की और खीर, चावल, दाल तथा पीठा का प्रसाद बनाकर अर्पित किया। पूजा के बाद व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण कर अपने परिवार, रिश्तेदारों और आसपास के लोगों के बीच प्रसाद वितरित किया।

व्रती पूजा कुमारी, सरिता देवी, जुली कुमारी, जयंती देवी, अंशु सिंह और दिव्या देवी ने बताया कि छठ महापर्व के दूसरे दिन से 24 घंटे का निर्जला उपवास रखा जाता है। इसके बाद तीसरे दिन डूबते सूर्य को संध्या अर्घ्य दिया जाएगा, जबकि चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया जाएगा।

छठ पर्व को लेकर सबसे अधिक भीड़ नालंदा के ऐतिहासिक बड़गांव छठ घाट, औंगारी धाम और मोरा तालाब में देखने को मिल रही है। इन स्थानों पर चार दिनों तक व्रती भगवान सूर्य की विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। बड़गांव छठ घाट की विशेष धार्मिक मान्यता भी है। मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण के पौत्र राजा शाम्ब को कभी कुष्ठ रोग हो गया था। उन्होंने बड़गांव तालाब में स्नान कर सूर्य भगवान की आराधना की थी, जिससे वे रोगमुक्त हो गए थे। तभी से यहां छठ पूजा की परंपरा चली आ रही है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां छठ पूजा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

हालांकि कुछ व्रतियों ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी भी जताई।








उनका कहना था कि भीड़ के अनुपात में सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं। इसके बावजूद किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन की ओर से एसडीआरएफ की टीम और नाव की व्यवस्था की गई है। साथ ही दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई स्थानों पर पंडाल लगाए गए हैं और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है।

इस अवसर पर श्रद्धालु राजवीर सिंह, राजन सिंह, भवानी सिंह, डॉ. आशुतोष, कुंदन कुमार, मुखिया रंजीत यादव, अरुण उर्फ कल्लू मुखिया, अंकित कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने छठ घाटों पर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और सूर्य भगवान की आराधना की। पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।




SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101102525O432E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# बीज उत्पादन तकनीक सीखने पूर्णिया भेजे गए नालंदा जिले के तीस प्रगतिशील किसान




अखिलेंद्र कुमार


बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आत्मा योजना के तहत किसानों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के 30 प्रगतिशील किसानों को "बीज उत्पादन तकनीक" विषय पर पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के लिए कृषि विज्ञान केंद्र, पूर्णिया भेजा गया है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उन्नत और वैज्ञानिक बीज उत्पादन तकनीकों की जानकारी देना है, ताकि वे अपने स्तर पर गुणवत्तापूर्ण बीज तैयार कर सकें और कृषि उत्पादन में वृद्धि कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को उन्नत किस्मों के चयन, बीज की शुद्धता बनाए रखने, रोपण की वैज्ञानिक विधि, परागण प्रबंधन, फसल सुरक्षा, कटाई तथा भंडारण की आधुनिक तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।प्रशिक्षण में कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों द्वारा किसानों को सैद्धांतिक के साथ-साथ प्रायोगिक जानकारी भी दी जाएगी। इसके अलावा किसानों को प्रक्षेत्र भ्रमण के माध्यम से बीज उत्पादन के सफल मॉडलों का अवलोकन कराया जाएगा, ताकि वे इन तकनीकों को अपने खेतों में अपनाकर अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें।

जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण बीज किसी भी फसल के बेहतर उत्पादन की आधारशिला होता है। बीज उत्पादन तकनीक को अपनाकर किसान न केवल अपनी फसल की उत्पादकता बढ़ा सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त आय के स्रोत भी विकसित कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए किसानों का चयन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किया गया है और प्रशिक्षण अवधि में उनके आवासन, भोजन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं आत्मा योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई हैं।











Kalope
HOMES
All-in-One Home Solution
Luxury Interior with RealPlast UPVC
Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance
Material Partner: REAL PLAST
RealPlast UPVC is a next-generation interior material
that combines strength, safety, and luxury design.
Modular Kitchen
Cabinets, shutters, drawers
TV Unit & Wall Panels
Modern design, storage
Wardrobes & Closets
Sliding, swing, loft, drawers
Bathroom Vanities
Waterproof & hygienic
+91 74887 06578
www.kalopehomes.com
Patna, Bihar

# लोकसभा में सांसद कौशलेंद्र कुमार ने उठाई माटी कला बोर्ड गठन की मांग




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा के लोकसभा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने सोमवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान बिहार में कुम्हार (प्रजापति) समाज से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्याओं को उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार से कुम्हार जाति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल करने तथा माटी कला बोर्ड के गठन की मांग की। सांसद ने कहा कि यह मांग लंबे समय से केंद्र और राज्य सरकार के समक्ष लंबित है, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हो सकी है।सांसद कौशलेंद्र कुमार ने सदन में कहा कि 1950 के भारत सरकार के आदेश में कुम्हार शिल्पकला की उपजाति का उल्लेख किया गया था, लेकिन अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के गठन के दौरान कुम्हार समाज का कोई प्रतिनिधित्व नहीं होने के कारण उन्हें इस सूची से बाहर कर दिया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि आज बिहार में कुम्हार समाज की सामाजिक और आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गई है।

उन्होंने बताया कि अनुग्रह नारायण सामाजिक शोध संस्थान द्वारा इस समाज की एथनोग्राफी रिपोर्ट बिहार सरकार को पहले ही सौंपी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। सांसद ने कहा कि कुम्हार समाज के लगभग 90 प्रतिशत लोग गांवों में रहते हैं और उनमें शिक्षा का स्तर काफी कम है। आर्थिक स्थिति भी अत्यंत कमजोर है, जिससे वे विकास की मुख्यधारा से दूर होते जा रहे हैं।सांसद ने यह भी कहा कि कुम्हार समाज के सामने मिट्टी, जलावन और बालू के उठाव की अनुमति जैसी मूलभूत समस्याएं भी हैं, जिससे उनका पारंपरिक रोजगार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि बिहार सरकार से विचार-विमर्श कर कुम्हार समाज को अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल करने तथा अन्य राज्यों की तरह बिहार में भी माटी कला बोर्ड के गठन की अनुमति दी जाए।

# शेरपुर चोरी कांड का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार; नकद और आभूषण बरामद



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। अस्थावां थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव में पूर्व मुखिया के बंद घर में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है तथा चोरी की गई नकदी और आभूषण भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार घटना के संबंध में पहले ही प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

अनुसंधान के दौरान पुलिस ने चोरी में शामिल आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की। इसके तहत बिहार थाना क्षेत्र के सुंदरगढ़ मोहल्ला से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में राजू सिंह (पिता अयोध्या सिंह, निवासी कल्याणपुर) और सौरव कुमार उर्फ सोनू (पिता रंजीत यादव, निवासी लंगड़ी बिगहा, थाना दीपनगर) शामिल हैं। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

उनकी निशानदेही पर पुलिस ने इस मामले में शामिल महिला जुही सिंह (पति टुट्टु सिंह, निवासी लंगड़ी बिगहा) को भी गिरफ्तार किया। साथ ही चोरी के आभूषण खरीदने के आरोप में नीमगंज निवासी गोपाल वर्मा (पिता हीरालाल वर्मा) तथा नवादा के पुरानी बाजार निवासी सूरज कुमार (पिता ओमप्रकाश) को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के आभूषण बेचकर रखे गए 1 लाख 90 हजार रुपये नगद, एक अपाची मोटरसाइकिल, सोने का मंगलसूत्र, कानबाली, सोने का बिस्किट तथा चांदी का पायल बरामद किया है। पुलिस के अनुसार चोरी की अन्य सामग्रियों की बरामदगी के लिए छापेमारी जारी है।इस कार्रवाई में अस्थावां अंचल के पुलिस निरीक्षक, अस्थावां थाना की टीम तथा जिला आसूचना इकाई नालंदा के अधिकारी शामिल रहे।






# मानसिक स्वास्थ्य पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न, विद्वानों ने साझा किए विचार




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सैयद वहरी स्थित माता सुशीला कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं एजुकेशनल डेवलपमेंट काउंसिल, पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी "शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य" का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। संगोष्ठी का उद्देश्य वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करना तथा शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच जागरूकता बढ़ाना था।


समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. कमल प्रसाद बौद्ध ने अपने संबोधन में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के मार्गदर्शक और परामर्शदाता भी होते हैं, इसलिए उन्हें छात्रों के मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।


कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डॉ. विश्वमोहन कुमार ने की। उन्होंने संगोष्ठी के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

संगोष्ठी के दौरान विभिन्न विद्वानों और शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए, जिनमें शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली, जिससे संगोष्ठी और अधिक प्रभावी और सार्थक बन गई।

समापन समारोह में उत्कृष्ट शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में एल कॉलेज नवादा के सहायक प्राध्यापक डॉ. गोपाल प्रसाद ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।












# नवादा विधायक विभा देवी के पुत्र के निधन पर डॉ. अरविंद कुमार ने जताया गहरा शोक



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नवादा में हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में नवादा विधायक विभा देवी तथा पूर्व मंत्री राजवल्लभ यादव के छोटे पुत्र के असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इस दुखद घटना ने न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक स्तर पर भी लोगों को गहरे सदमे में डाल दिया है। परिवार पर टूटे इस दुख के पहाड़ से हर कोई मर्माहत है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही ह्यूमेन राइट एसोसिएशन ईस्ट इंडिया के उपाध्यक्ष सह सदानंद महाविद्यालय एवं जानकी अकलू सरदार इंटर कॉलेज के सचिव डॉ. अरविंद कुमार नवादा पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और इस कठिन समय में परिवार को धैर्य एवं साहस बनाए रखने की अपील की।बताया जाता है कि घटना के समय डॉ. अरविंद कुमार रांची में महामहिम राज्यपाल से मुलाकात के सिलसिले में गए हुए थे। इसी दौरान उनके पुत्र रवि कुमार से उन्हें इस दुखद हादसे की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही उन्होंने अपना कार्यक्रम स्थगित किया और तुरंत नवादा के लिए रवाना हो गए। वहां पहुंचकर उन्होंने सीधे पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया।डॉ. अरविंद कुमार और पूर्व मंत्री राजवल्लभ यादव के बीच वर्षों पुराना आत्मीय संबंध रहा है। इस कारण इस घटना से वे व्यक्तिगत रूप से भी काफी आहत हैं। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि यह क्षति अपूरणीय है और इस दुख की घड़ी में पूरा समाज परिवार के साथ खड़ा है।






## संपादकीय

**जे पी चौधरी**



# क्रांतिकारी आंदोलनों पर सबसे अधिक जानकारी रखने वालों में शहीद ए आज़म भगत सिंह का नाम भी शामिल था

'भगत सिंह न केवल भारत के महानतम स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारी समाजवादियों में से एक थे, बल्कि वे शुरुआती मार्क्सवादी विचारकों-सिद्धांतकारों में से भी एक थे। उनका बाद वाला पहलू अपेक्षाकृत कम ज्ञात है, फलतः प्रतिक्रियावादी, रूढ़िवादी और सांप्रदायिक लोग अपनी राजनीतिक विचारधारा हेतु भगत सिंह और साथियों—जिनमें चंद्रशेखर आज़ाद भी शामिल हैं—के नाम-यश का इस्तेमाल करने की कोशिश करते हैं।'

उपरोक्त शब्द मेरे मार्गदर्शक, प्रो. बिपन चंद्र ने भगत सिंह के बीस-पृष्ठों वाले लेख 'मैं नास्तिक क्यों हूं' की प्रस्तावना में लिखे थे; लेख पंजाबी कवि अमरजीत चंदन ने 1979 में खोजा था। पिछले 40 वर्षों में, भगत सिंह का यह ऐतिहासिक मूल्यांकन निर्विवाद तथ्य की ताकत पा चुका है। उनकी 'जेल नोटबुक' के कई संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं कि यह किताब प्रतिष्ठित विचारकों और दार्शनिकों के विचारों की भगत सिंह द्वारा की गई पड़ताल एक नई खिड़की खोलतीवर्ष 1925 से 1928 के बीच, भगत सिंह ने बहुत ज्यादा पढ़ा; उन्होंने रूसी क्रांति व सोवियत संघ पर लिखी किताबें पढ़ीं। 1920 के दशक में, क्रांतिकारी आंदोलनों पर सबसे अधिक जानकारी रखने वालों में भगत सिंह का नाम भी शामिल था।

'भगत सिंह न केवल भारत के महानतम स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारी समाजवादियों में से एक थे, बल्कि वे शुरुआती मार्क्सवादी

1925 से 1928 के बीच, भगत सिंह ने बहुत ज्यादा पढ़ा; उन्होंने रूसी क्रांति व सोवियत संघ पर लिखी किताबें पढ़ीं। 1920 के दशक में, क्रांतिकारी आंदोलनों पर सबसे अधिक जानकारी रखने वालों में भगत सिंह का नाम भी शामिल था। वर्ष 1928 के अंत में उन्होंने व साथियों ने समाजवाद को अपनी गतिविधियों का अंतिम लक्ष्य मान अपने संगठन का नाम 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' से बदलकर 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' कर दिया था।

सवाल है कि क्या भगत सिंह को मार्क्सवाद से भारतीय राष्ट्रवाद की समकालिक राजनीति, मज़दूर वर्ग के आंदोलनों और ऐतिहासिक-सामाजिक यथार्थ को समझने में मदद मिली? मार्क्सवाद पर ऐसी महारत, जो सिर्फ़ किताबों में लिखी बातों को समझने का एक अभ्यास भर हो, वह 'ब्राह्मणवादी मार्क्सवाद' बनकर ही रह जाएगा; जब तक कि वह पार्टी के बुद्धिजीवियों को 'व्यावहारिक सिद्धांत' का एक ढांचा पेश कर, समय की सामाजिक सच्चाई से निष्पक्ष होकर जुड़ने में मदद न करे।

तो फिर, किसे मार्क्सवादी विचारक कहा जा सकता है? यह सवाल इटली के बुद्धिजीवी एंटोनियो ग्राम्शी की याद दिलाता है, जो ठीक भगत सिंह की तरह ही, और ठीक उसी समय, फ़ासीवादी मुसोलिनी की जेल में, 1937 में अपनी मृत्यु से कुछ समय पहले तक कैद में रहे। इन कठिन परिस्थितियों में भी, उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रांतिकारी आंदोलन की ठोस समस्याओं, उसकी असफलताओं और सफलताओं को समझने-सुलझाने के लिए अपना पढ़ने-लिखने का काम जारी रखा

# समृद्धि यात्रा में मुख्यमंत्री ने जहानाबाद को 252 करोड़ योजनाओं की सौगात दी



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान सोमवार को जहानाबाद जिले को विकास योजनाओं की बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम से रिमोट के माध्यम से 70 करोड़ रुपये की लागत से 88 योजनाओं का उद्घाटन तथा 182 करोड़ रुपये की लागत से 73 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस प्रकार जिले को कुल 252 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात मिली।

समृद्धि यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने अधिकारियों से पूर्व में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली और सभी योजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने जहानाबाद के पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर में जीविका दीदियों के सिलाई प्रशिक्षण सह उत्पाद केंद्र का शिलापट्ट अनावरण कर तथा फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने केंद्र का निरीक्षण किया और वहां मौजूद जीविका दीदियों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और जीविका समूहों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी ली। समीक्षा के दौरान एनएच-110 से एसएस कॉलेज तक पथ निर्माण कार्य, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण, घोसी के अधीन मंडई वीयर तथा उससे निकलने वाली दायां एवं बायां मुख्य नहर प्रणाली और उससे जुड़ी संरचनाओं के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही काको, घोसी और मखदुमपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य सहित अन्य योजनाओं की भीसमीक्षा की। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को योजनाओं को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकास कार्यों से संबंधित स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। जीविका स्टॉल के निरीक्षण के दौरान वहां मौजूद जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें आगे भी मेहनत से काम करते रहने और आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 9066 जीविका स्वयं सहायता समूह की दीदियों के बीच 145 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लाभार्थियों को 1 करोड़ 82 लाख रुपये का सांकेतिक चेक भी दिया गया।

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उद्योग विभाग तथा समाज कल्याण विभाग सहित कई विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। मुख्यमंत्री ने इन स्टॉलों का अवलोकन किया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सांकेतिक चेक प्रदान किया।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री सह जहानाबाद जिले के प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी, विधायक राहुल शर्मा, विधायक ऋतुराज कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक क्षत्रनील सिंह, जहानाबाद की जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय तथा पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान सहित कई वरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित

# विद्यालय से चोरी सामान अब तक बरामद नहीं, छात्रों में मायूसी बढ़ी

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। गोखुलपुर थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अमैत्रा में हुई चोरी की घटना के एक महीने बाद भी पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है। चोरी गए सामान की बरामदगी नहीं होने से विद्यालय के छात्रों में मायूसी देखी जा रही है।

जानकारी के अनुसार बीते 11 फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर लगभग 750 किलो चावल, एक पूरा माइक्रोफोन सेट तथा खेल सामग्री की चोरी कर ली थी। घटना के बाद विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी ने गोखुलपुर थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

मामले की जांच की जिम्मेदारी थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार पुरी को सौंपी गई है। हालांकि घटना को काफी समय बीत जाने के बावजूद अभी तक चोरी गए सामान का कोई पता नहीं चल सका है।

विद्यालय के छात्रों ने बताया कि खेल सामग्री चोरी हो जाने के कारण उन्हें खेलकूद की गतिविधियों में परेशानी हो रही है। बच्चों का कहना है कि खेलकूद से उनका शारीरिक और मानसिक विकास होता है, लेकिन सामग्री नहीं रहने से वे नियमित रूप से खेल नहीं पा रहे हैं।

इधर गोखुलपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है, हालांकि अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग पाया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है और जल्द ही मामले के खुलासे की उम्मीद जताई जा रही है।

# मंत्री श्रवण कुमार ने महाबोधि महाविद्यालय में डीएलएड सत्र 2025-27 का किया शुभारंभ



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। महाबोधि महाविद्यालय (बी.एड. एवं डी.एल.एड.), नालंदा में डीएलएड सत्र 2025-27 के नव प्रवेशित प्रशिक्षुओं के लिए नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ सोमवार को गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति से समारोह की गरिमा और बढ़ गई।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ की गई। इसके बाद महाविद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। समारोह के दौरान बी.एड. और डीएलएड के प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

मुख्य अतिथि मंत्री श्रवण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण की आधारशिला होते हैं। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक की जिम्मेदारी केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने नव प्रवेशित प्रशिक्षुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से करें तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करें।

महाबोधि महाविद्यालय बी.एड. के सचिव डॉ. अरविंद कुमार ने अपने वक्तव्य में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रशिक्षुओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।




महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक शर्मा ने संस्थान की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि महाबोधि महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना और उन्हें बेहतर शिक्षक बनने के लिए तैयार करना है।

कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण वह क्षण रहा जब मंत्री श्रवण कुमार ने एसटीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों तथा विभिन्न विद्यालयों में चयनित छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस सम्मान से विद्यार्थियों में उत्साह और गर्व का माहौल देखा गया। सम्मानित छात्रों ने इसे अपने जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए महाविद्यालय और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में डीएलएड विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए समारोह में पधारे सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर महाबोधि महाविद्यालय के सचिव राजेंद्र प्रसाद, बी.एड. के सचिव डॉ. अरविंद कुमार, प्राचार्य डॉ. दीपक शर्मा सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण तथा बी.एड. एवं डीएलएड के प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समारोह ने शिक्षा के महत्व और शिक्षक की भूमिका को लेकर नई प्रेरणा प्रदान की।




# डॉ. पुनीत कुमार शुक्ला की पुस्तक 'समकालीन भारत और शिक्षा' का हुआ विमोचन



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सोमवार को जे० पी० ग्रुप ऑफ एजुकेशन के टैगोर हॉल में डॉ० पुनीत कुमार शुक्ला द्वारा लिखित पुस्तक 'समकालीन भारत और शिक्षा' का भव्य विमोचन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के सचिव शैलेश कुमार, प्रशासनिक पदाधिकारी एस० दिवाकर, जे० पी० कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ० संजय कुमार, जे० पी० इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राचार्य ई० पूर्णेन्दु भूषण तथा जनता दल (यू) के त्रिनयन कुमार ने संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने पुस्तक की उपयोगिता और लेखक के शैक्षणिक योगदान की सराहना की। संस्थान के सचिव शैलेश कुमार ने कहा कि डॉ० पुनीत कुमार शुक्ला एक अत्यंत प्रतिभाशाली और समर्पित शिक्षक हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों और शिक्षकों को उनके कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि यह पुस्तक विशेष रूप से बी० एड० के छात्रों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी।

ज्ञातव्य हो कि डॉ० पुनीत कुमार शुक्ला द्वारा लिखित यह तीसरी पुस्तक है। यह पुस्तक पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय और मगध विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयार की गई है, जिससे शिक्षक प्रशिक्षण से जुड़े






विद्यार्थियों को पढ़ाई में काफी मदद मिलेगी। वर्तमान में डॉ० पुनीत कुमार शुक्ला जे० पी० शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्यरत हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें कई पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और सभी ने पुस्तक के विमोचन पर लेखक को शुभकामनाएं दीं।

# इस्लामपुर के अंशु ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। नगर के सत्यारगंज मोहल्ला स्थित बाल विद्या मंदिर के छात्र अंशु कुमार ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी का माहौल बन गया।अंशु की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य रंजीत शर्मा, शिक्षकों और सहपाठी छात्रों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने कहा कि अंशु ने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

सफल छात्र अंशु कुमार के पिता सुनील कुमार सत्यारगंज मोहल्ला के निवासी हैं और साधारण परिवार से आते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद वे अपने बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देते हैं। पिता के प्रोत्साहन और अंशु की निरंतर मेहनत के कारण ही उसे यह सफलता मिली है।



परिणाम घोषित होने के बाद मोहल्ले और परिवार में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने भी अंशु की उपलब्धि पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# राष्ट्रीय डेफ एथलेटिक्स प्रतियोगिता में नालंदा के खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण और कांस्य पदक




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में नालंदा जिले के दो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। अहमदाबाद में आयोजित 10वीं राष्ट्रीय डेफ सब-जूनियर एवं जूनियर तथा 27वीं राष्ट्रीय डेफ सीनियर खेल प्रतियोगिता 2025-26 में जिले के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का दम दिखाया।

यह प्रतियोगिता 20 से 23 मार्च तक गुजरात विश्वविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित की गई थी, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में इस्लामपुर प्रखंड की अनीता कुमारी ने अंडर-14 वर्ग के शॉट पुट थ्रो स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। अनीता वेले गांव के जयप्रकाश पंडित की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और गांव में खुशी का माहौल है।वहीं सिलाव प्रखंड के शाहपुर गांव निवासी रवींद्र यादव के पुत्र शिवम कुमार ने अंडर-14 बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। शिवम की इस सफलता से क्षेत्र के लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।

राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी एवं नालंदा लक्ष्य खेल अकादमी के सचिव कुंदन कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों ने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है।

खिलाड़ियों की इस सफलता पर नालंदा साइकिल एसोसिएशन के सचिव प्रमोद कुमार, रवि कुमार, सत्यनाम कबीर, पप्पू कुमार, सौम्या, ज्ञानेश समेत कई खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# राजगीर नगर परिषद की सैरात नीलामी से बढ़ा राजस्व, खुला डाक में 86 लाख से अधिक की वसूली



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के राजगीर नगर परिषद कार्यालय में बुधवार को विभिन्न सैरातों की खुला डाक (ओपन टेंडर) प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। यह प्रक्रिया कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार तथा अध्यक्ष प्रतिनिधि सुवेन्द्र राजवंशी की देखरेख में पारदर्शी तरीके से आयोजित की गई। नीलामी में नगर परिषद के विभिन्न सैरातों के लिए बोली लगाई गई, जिसमें कई लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

खुला डाक के दौरान सबसे अधिक चर्चा कुंड पार्किंग सैरात की बोली को लेकर रही। इस सैरात के लिए अंतिम बोली 72 लाख 1 हजार रुपये तक पहुंची। सर्वाधिक बोली लगाने वाले सूर्य देव कुमार उर्फ सूरज यादव को कुंड पार्किंग सैरात की बंदोबस्ती दी गई। नगर परिषद के अधिकारियों के अनुसार इस बार कुंड पार्किंग से नगर परिषद को अच्छी खासी राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। इसके अलावा अन्य सैरातों में 49 प्लेटफार्म, श्मशान घाट, मवेशी हाट तथा सार्वजनिक शौचालय सहित कई अन्य स्थलों की भी बंदोबस्ती की गई। इन सभी सैरातों की नीलामी से इस वर्ष नगर परिषद को कुल 86 लाख 25 हजार 901 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि यह राशि पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर मानी जा रही है, जिससे नगर परिषद के विकास कार्यों को गति मिलने की संभावना है।

नीलामी प्रक्रिया के दौरान वार्ड पार्षद मीरा देवी, वार्ड पार्षद डॉ. अनिल कुमार, पार्षद श्यामदेव राजवंशी, पार्षद कविता राजवंशी और पार्षद अजय यादव सहित कई जनप्रतिनिधि तथा नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे। सभी की उपस्थिति में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई।

# हिलसा में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत दिवस पर सभा आयोजित



हिलसा (अपना नालंदा)। भाकपा माले प्रखंड कार्यालय हिलसा में शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत दिवस की 95वीं वर्षगांठ पर श्रद्धांजलि एवं संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंकलाबी नौजवान सभा के प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नौजवानों और माले कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस दौरान वक्ताओं ने शहीदों के विचारों और उनके बलिदान को याद करते हुए उनके सपनों के भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के प्रखंड सचिव दिनेश कुमार ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का सपना एक शोषणमुक्त और समतामूलक समाज का निर्माण करना था। उन्होंने कहा कि भले ही आज वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका संघर्ष और विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शहीदों की विरासत को बचाने के लिए युवाओं को आगे आना होगा।कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्दों और वैश्विक शांति पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि युद्ध और हिंसा से विश्व शांति को खतरा है, इसलिए शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर शांति, न्याय और मानवता की रक्षा के लिए संघर्ष करना आवश्यक है।

शहादत दिवस के अवसर पर अकबरपुर पंचायत में जुलूस तथा गनीपुर में गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर किसान महासभा के जिला अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद, मुनी लाल यादव, चुन्नू चंद्रवंशी, शिवशंकर प्रसाद, इंदल बिंद, रामप्रवेश साहनी सहित कई कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किया

# बिहार दिवस प्रतियोगिता में दैली मध्य विद्यालय के बच्चों ने दिखाया प्रतिभा



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। बिहार दिवस के अवसर पर 22 मार्च को जिला मुख्यालय बिहारशरीफ में आयोजित भव्य समारोह और विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्क्रमित मध्य विद्यालय दैली के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बिहार की गौरवशाली परंपरा और विकास की उपलब्धियों को याद करते हुए जिले को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृंद कुमार पासवान ने बताया कि छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से जिला स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन नालंदा कॉलेजिएट स्कूल में किया गया था। इस प्रतियोगिता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय दैली के तीन छात्राओं और दो छात्रों ने हिस्सा लिया और बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और अभिभावकों में खुशी का माहौल है।

प्रधानाध्यापक ने बताया कि हरनौत प्रखंड से कुल तीन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। इनमें दैली विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रतियोगिता में वर्ग छह के छात्र मनीष कुमार सहित अन्य बच्चों ने भी उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।


www.apnanalanda.com
अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर
नालन्दा का नंबर 1 अखबार
BREAKING NEWS
Friday, November 25, 2025
अपना नालंदा
अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान
नालन्दा की जनता की आवाज
अपने क्षेत्र की खबर भेजने
ओर विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
9031468165
9608311251
विज्ञापन दरें (प्रथम वर्षगांठ विशेष पैकेज)
फुल पेज विज्ञापन – ₹10,000/-
हाफ पेज विज्ञापन – ₹5,000/-
क्वार्टर पेज विज्ञापन – ₹3,000/-
संपर्क करें:
apnanalandaofficial881@gmail.com
9031468165
9608311251